दिनांक 26 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भागीदारी में किफायती आवास का कार्य जुनवानी एवं खमरिया में हुआ प्रारंभ

भिलाई नगर/ भागीदारी में किफायती आवास के तहत खमरिया एवं जुनवानी में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है! प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यपालन अभियंता एसपी साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्य के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जा रहा है तथा मास्क एवं सैनिटाइजर की व्यवस्था भी की गई है! हाथ को अच्छी तरह धोने के बाद ही कार्य किया जा रहा है , इसके अतिरिक्त मजदूरों को प्रत्येक सप्ताह मानदेय दिया जा रहा है एवं राशन सामग्री भी प्रदाय की गई है! इनके लिए सैनिटाइज टनल तैयार किया गया है कार्य करने से पूर्व एवं पश्चात इसका उपयोग किया जा रहा है! इसके अलावा कार्यरत मजदूरों की थर्मल स्क्रीनिंग भी सुरक्षागत कारणों से की जा रही है! कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के तहत सारे उपाय यहां पर अपनाए जा रहे हैं! कार्य के दौरान आवास योजना के अधिकारी/कर्मचारी गतिविधियों पर निगरानी रख रहे हैं! प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बीएलसी घटक (मोर जमीन मोर मकान) के तहत प्रगतिरत आवासों को पूर्ण करने के लिए निकायवार प्रदाय लक्ष्य के अनुरूप दिसंबर 2019 का लक्ष्य पूर्ण किया जा चुका है! मोर जमीन मोर मकान के लिए जुलाई 2019 निगम भिलाई क्षेत्र में 1017 आवास पूर्ण हो गए थे अब 1121 आवास और पूर्ण कर लिए गए है इस प्रकार कुल 2138 आवास अब तक निर्मित हो चुके हैं , 686 आवास निर्माणाधीन प्रक्रिया में है जिनमें से 259 फाउंडेशन लेवल, 184 लिटल लेवल तथा 243 आवास रूफ लेवल तक पहुंच चुके हैं! वहीं अगर एएचपी घटक की बात करें तो 3237 निर्माणाधीन आवास है जिनमें से 356 आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा 188 लोगों को लाटरी पद्धति से आवास आवंटित भी किया जा चुका है! उच्च अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न घटकों के लिए लगातार निर्देश दिए जाते रहे है! मोर जमीन मोर मकान के तहत निर्माणाधीन आवासों की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को पूर्व में दिए जा चुके हैं!

जनसंपर्क अधिकारी